

लक्ष्मीपति कॉलेज में टेक फेस्ट कल से होगा शुरू

भोपाल। लक्ष्मीपति ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में ऑटोनोमस रोबोटिक वर्कशॉप हाल ही में संपन्न हुई। आईआईटी मुंबई द्वारा आयोजित इस वर्कशॉप 'रोबो-सिम्सिस' में रिसर्च इंजीनियर राहुल तिवारी और राहुल कुमार ने स्टूडेंट्स को मिक्रोकंट्रोलर, माइक्रोप्रोसेसर की कोडिंग, इंटरफेसिंग, प्रोग्रामिंग और आर्टिफीशियल इंटेलीजेंस के बारे में जानकारी दी। इन सिद्धांतों का उपयोग कर स्टूडेंट्स ऑटोनोमस रोबोट का निर्माण करेंगे। वर्कशॉप के पहले तीन विजेताओं को आईआईटी मुंबई में मार्च में होने वाली कॉम्पटीशन में हिस्सा लेने का मौका दिया जाएगा। ग्रुप का तीन दिवसीय टेक फेस्ट-यूथ फेस्टिवल 13 फरवरी से शुरू होगा। जिसमें रोबो रेसलिंग, रोबो रेस, ऑटोनोमस रोबो, टेक्निकल परफॉर्मेंस, ब्रेन ट्विस्टर, जैसे कॉम्पटीशन आयोजित किए जाएंगे। 25 फरवरी को लक्ष्मीपति ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस का 6वां फाउंडेशन डे मनाया जाएगा।



लक्ष्मीपति ग्रुप में दो दिवसीय सेमिनार का आयोजन

भोपाल। लक्ष्मीपति ग्रुप ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी द्वारा दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार में एमबीए और बीई के लगभग 120 छात्रों ने हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में एम्स के डायरेक्टर प्रो. डॉ. संदीप कुमार द्वारा पेटेंट कॉपी राइट के महत्व के बारे में विस्तार से बताया गया है। वही डॉ. एस.सी. पाटिदार ने बताया कि आईपीआर जनहित के लिए होना चाहिए। कार्यक्रम में विभिन्न तकनीकी सत्रों में डॉ. चौकसे द्वारा पर्सनॉलिटी डेवलपमेंट पर, एनआईएलयू के प्रो. घायुन आलम ने पैटेंट पर, डॉ. अतुल पाण्डे ने साइबर लॉ पर, डॉ. प्रशांत थोते ने आईपीआर का उपयोग बायोसेंसर में कैसे हो पर, डॉ. सवीता श्रीवास्तव ने कैमिकल इंडस्ट्री में पैटेंट के उपयोग पर व्याख्यान दिया। ग्रुप डायरेक्टर संजय बंसल ने बताया कि लक्ष्मीपति ग्रुप का उद्देश्य ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से छात्रों में उद्यमिता का विकास करना है। अंत में चेयरमैन ओपी बंसल ने बताया कि भविष्य में इंजीनियरिंग के छात्रों को जर्मनी भेजने की कोशिश करेंगे।



राज एक्सप्रेस

बुधवार, 10 सितम्बर 2014

एलएसआईटी के छात्रों ने किया विजिट

भोपाल। लक्ष्मीपति इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नॉलजी के इलेक्ट्रॉनिक्स और कम्प्यूटर साइंस के छात्रों ने शनिवार को सॉफकॉन इंडिया प्रालि में इंडस्ट्रियल विजिट किया। छात्रों ने आधुनिक लैब का ज्ञान प्राप्त किया। इस दौरान सॉफकॉन इंडिया के हेड चेतन चौहान, फेजन और सचिता सिंह ने छात्रों को ऑटोमेशन लैब,

---



नवदुनिया

भोपाल, शुक्रवार 14 फरवरी 2014

जेईई मेन के आवेदन में 15 तक सुधार कर सकते हैं छात्र

भोपाल (नप्र)। इंजीनियरिंग कॉलेजों में दाखिले के लिए होने वाली जेईई (मेन) के आवेदनों में छात्र छात्राएं 15 फरवरी तक सुधार कर सकते हैं। सीबीएसई (सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंड्री एजुकेशन) ने गुरुवार को इस संबंध में आदेश जारी कर दिए।

तकनीकी शिक्षा विभाग ने इस साल से प्रदेश के सरकारी और प्राइवेट इंजीनियरिंग कॉलेजों में दाखिले पीईटी (प्री इंजीनियरिंग टेस्ट) के बजाय जेईई मेन से कराने का निर्णय लिया है। जेईई मेन 6 अप्रैल को होनी है। इसके लिए प्रदेश के करीब 90 हजार छात्र-छात्राओं ने आवेदन किया है। तकनीकी शिक्षा संचालक अरुण नाहर के मुताबिक जिन छात्र-छात्राओं से आवेदन में कोई गलती हो गई है वे सीबीएसई की वेबसाइट के जरिए आवेदनों में सुधार कर सकते हैं।

आवेदक परीक्षा केन्द्र समेत परीक्षा प्रक्रिया (ऑनलाइन या ऑफलाइन) में भी सुधार कर सकेंगे। आवेदन में संशोधन की अंतिम तारीख 15 फरवरी तय की गई है।



FREE PRESS

SATURDAY I FEBRUARY 15, 2014

Laxmipati students visit industrial unit

Students of mechanical engineering branch of Laxmipati stitute of Science and Technology on GEI Industrial System Limited visit, at Govindpura in the city on Friday.

★ **OUR STAFF REPORTER**

BHOPAL

The students of mechanical engineering department of Laxmipati Institute of Science and Technology visited GEI Industrial System Limited, Govindpura, in the city on Saturday. The students were given information on heat exchanger and steam condenser during their tour. They also acquired information on product management, engineering and design, quality analysis and control production. A seminar was also held. College chairman and director were also present on the occasion.



टेक्नोलॉजी में दिया शानदार परिणाम

भोपाल। लक्ष्मीपति इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के छात्रों का राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के बी.ई. आठवें सेमेस्टर की परीक्षा में सम्मिलित छात्र / छात्राओं का उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम रहा। जिसमे सिविल संकाय में 100 प्रतिशत मैकेनिकल संकाय में 100 प्रतिशत, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्युनिकेशन संकाय में 100प्रतिशत, तथा इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स संकाय मे 90 प्रतिशत परिणाम रहा जिसमे सिविल संकाय में आशीष सिंह ने 8.75 एसजीपीए के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया, मैकेनिकल संकाय में विवेक सिंह ने 8.75 एसजीपीए के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कंम्युनिकेशन संकाय में सरिता साहू ने 8.69 एसजीपीए के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया, तथा एलेक्टर्टिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स संकाय मे विवेक कुमार गुप्ता एवं राकेश कुमार पाठक ने सयुक्त रूप से 8.50 एसजीपीए के साथ प्रथम स्थान पर रहे। इस अवसर पर संस्था के चेयरमैन श्री ओ.पी. बंसल, एवं डायरेक्टर ने समस्त छात्र/छात्राओं को हार्दिक बधाईयाँ एवं उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाये दी।



अपनाकर वर्तमान परिवेश में महाविद्यालयीन शिक्षा रोजगारमुखी किस प्रकार हो सकती है। इस संबंध में महाविद्यालय के शिक्षकों ने अपने अनुभवों को छात्रों से समक्ष प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी संकाय के समस्त छात्रों से महाविद्यालय के सभी अध्यापकों का परिचय कराया गया एवं समस्त छात्रों को पूरे शैक्षणिक कैलेण्डर की जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. दीपिका सिंह ने नवागत छात्रों नये शिक्षण सत्र की शुभकामनाएं दी।

पांचवां लक्ष्मीपति इण्टर स्कूल फुटबॉल बॉयस टूर्नामेंट

यंग रिपोर्टर। आज लक्ष्मीपति खेल मैदान में जवाहरलाल नेहरू हायर सेकेंडरी स्कूल विजय रहा। मैच के प्रारभ से ही सेंट जोसफ की टीम जवाहरलाल नेहरू स्कूल की टीम पर हावी रही यह मैच हाफ टाइम तक बराबरी पर रहा। सेकन्ड हाफ का मैच शुरू होते ही जवाहरलाल नेहरू स्कूल के द्वारा एक शानदार मूव बनाया जिसमे अभिजीत ने शानदार गोल किया जिससे जवाहरलाल नेहरू स्कूल की टीम विजयी रही स्कूल के प्राचार्य ने अपने खिलाडीयो को जीतने की खुशी में बधाई दी। कल होने वाले मैच आर्मी पब्लिक स्कूल मध्य सेंट थॉमस स्कूल के बीच सुबह 10.30 से होगा।



लक्ष्मीपति इंस्टीट्यूट का धूमधाम से मना स्थापना दिवस

उच्च शिक्षा एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री उमाशंकर ने किया रंगारंग कार्यक्रम का उद्घाटन

भोपाल (आरएनएन)। 25 फरवरी को लक्ष्मीपति इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी में फाउंडेशन डे का आयोजन किया गया। रंगारंग कार्यक्रम का उद्घाटन उच्च शिक्षा एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री उमाशंकर गुप्ता द्वारा किया गया। कार्यक्रम कि अध्यक्षता ओपी बंसल, चेयरमैन, लक्ष्मीपति इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी ने की।

इस अवसर पर संस्था के चेयरमैन ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया तथा हर क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ आने का आशीर्वाद दिया। मंत्री श्री गुप्ता ने विजयी छात्रों को पुरस्कृत किया एवं दृढ़ संकल्प से जीवन में आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा दी। कॉलेज में आयोजित अंतर ब्रांच कॉम्पिटीशन में वॉलीबाल एवं फुटबॉल के विजेता सिविल इंजीनियरिंग ब्रांच के छात्रों को संस्था के चेयरमैन तथा मुख्य अतिथि उमाशंकर गुप्ता ने पुरस्कृत करते हुए बधाइयां दी। उन्होंने कहा की यदि सभी लोग अनुशासन एवं दृढ़ निश्चय के साथ काम करें तो मध्य प्रदेश को संपूर्ण भारत का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने का सपना अवश्य साकार होगा। छात्रों द्वारा प्रस्तुत नृत्य एवं संगीत ने सभी का मन मोह लिया। संस्था के चेयरमैन ने छात्रों को अनुशासन के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। इस मौके पर संस्था के कार्यकारी निदेशक एसके बंसल और संजय बंसल उपस्थित थे।

लक्ष्मीपति इंस्टीट्यूट के चेयरमैन श्री बंसल मंत्री उमाशंकर गुप्ता को स्मृति चिन्ह प्रदान करते हुए।

2007 में हुई थी शुरुआत

तकनीकी क्षेत्र में विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण और रोजगार मूलक शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य और चेयरमैन ओपी बंसल के अथक प्रयासों से राजधानी भोपाल में लक्ष्मीपति इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी की स्थापना 25 फरवरी 07 में की गई थी। तब से अब तक कॉलेज निरंतर प्रगति के मार्ग पर बढ़ते हुए प्रदेश स्तर पर प्रसिद्धि पाई है। कॉलेज में प्रदेश ही नहीं, अन्य राज्यों के छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। कॉलेज से अब तक दो बैच प्रथम श्रेणी में पास आउट हो चुका है। इस दौरान 80 प्रतिशत छात्रों का प्लेसमेंट हुआ है। तकनीकी क्षेत्र में उच्च स्तरीय अनुभवी फैकल्टी और अंतर्राष्ट्रीय अध्ययन पद्धति के कारण लक्ष्मीपति इंस्टीट्यूट आज विद्यार्थियों की पहली पसंद के रूप में उभर रहा है।



लक्ष्मीपति ग्रुप में दो दिवसीय सेमिनार का आयोजन

भोपाल। लक्ष्मीपति ग्रुप ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी द्वारा दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार में एमबीए और बीई के लगभग 120 छात्रों ने हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में एम्स के डायरेक्टर प्रो. डॉ. संदीप कुमार द्वारा पेटेंट कॉपी राइट के महत्व के बारे में विस्तार से बताया गया है। वही डॉ. एस.सी. पाटिदार ने बताया कि आईपीआर जनहित के लिए होना चाहिए। कार्यक्रम में विभिन्न तकनीकी सत्रों में डॉ. चौकसे द्वारा पर्सनॉलिटी डेवलपमेंट पर, एनआईएलयू के प्रो. घायुन आलम ने पैटेंट पर, डॉ. अतुल पाण्डे ने साइबर लॉ पर, डॉ. प्रशांत थोते ने आईपीआर का उपयोग बायोसेंसर में कैसे हो पर, डॉ. सवीता श्रीवास्तव ने कैमिकल इंडस्ट्री में पैटेंट के उपयोग पर व्याख्यान दिया। ग्रुप डायरेक्टर संजय बंसल ने बताया कि लक्ष्मीपति ग्रुप का उद्देश्य ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से छात्रों में उद्यमिता का विकास करना है। अंत में चेयरमैन ओपी बंसल ने बताया कि भविष्य में इंजीनियरिंग के छात्रों को जर्मनी भेजने की कोशिश करेंगे।